प्रेषिका,

नीलू मैनवाल,
अपर जनपद न्यायाधीश/
त्वरित न्यायालय (न्यू)
चित्रकूट।

सेवा में,

महानिबन्धक महोदय
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– जनपद न्यायाधीश
चित्रकूट।

विषय– समयपूर्व स्थानान्तरण हेतु प्रत्यावेदन।

महोदय,

सादर निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 13.04.2024 के अनुक्रम में मेरा स्थानान्तरण जनपद बिजनौर से जनपद चित्रकूट के लिए हुआ है जहां पर मेरे द्वारा दिनांक 17.04.2024 को कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

महोदय सादर अवगत कराना है कि मेरे दो पुत्र है जिनमें से बड़ा पुत्र पटियाला (पंजाब) से B.Tech. द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् है, जबकि छोटा पुत्र कक्षा आठ में आया है एवं मेरे सानिध्य में है। मेरे पति शिक्षा विभाग में जनपद मैनपुरी में जिला विद्यालय निरीक्षक के पद पर तैनात है। मेरा गृह जनपद मुजफ्फरनगर है जहां से चित्रकूट जनपद की दूरी लगभग 750 किमी0 है, मैनपुरी से भी जनपद चित्रकूट की दूरी लगभग 400 किमी0 है। अतः किसी भी अप्रिय अथवा आवश्यक स्थिति में, कोई भी त्वरित सहायता प्राप्त होना दुरूह होगा।

महोदय सादर निवेदन है कि छोटा पुत्र कक्षा आठ का छात्र होने के नाते अध्ययन के प्रमुख पायदान पर है जहाँ से उसके भविष्य की नींव पड़नी है एवं एक अच्छे विद्यालय व पति अथवा परिजनों के सहयोग हेतु इस समय अति आवश्यकता है।एक महिला अधिकारी होने के नाते दोनों बच्चों की शिक्षा व पालन की जिम्मेदारी मुख्यतः मुझी पर है।

प्रार्थिनी माननीय उच्च न्यायालय के संरक्षण में है एवं माननीय महोदय से करबद्ध प्रार्थना है कि मैनपुरी अथवा मुजफ्फरनगर के निकटतम् किसी भी जनपद में स्थानान्तरित करने हेतु समयपूर्व स्थानान्तरण प्रत्यावेदन को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

प्रार्थिनी आपकी सदैव आभारी रहेगी।

सादर

दिनांक 24.04.2024

(नीलू मैनवाल) 24/4/24
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
त्वरित न्यायालय (न्यू) चित्रकूट।